बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, सैदपुर, पटना

विज्ञप्ति संख्या– BSPP/KGBV/2026/01

विशेष सूचना

बिहार राज्य अन्तर्गत अवस्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी के नियोजन हेतु

माननीय उच्च न्यायालय के वाद CWJC No15083/2015 (कु॰ हेमा एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) CWJC No14667/2015 (बिन्दा देवी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) CWJC No3490/2018 (मनेन्द्र कुमार एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य) में पारित न्यायादेश एवं राज्य कार्यकारिणी समिति, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के 90वीं बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में बिहार के जिलों में अवस्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी को कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के नियोजन के लिए प्रदर्शित विज्ञप्ति BSPP/KGBV/01/2022 में आवेदन करने की अनुमति दी जाती है।

दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी के लिए निर्धारित योग्यता, अर्हता एवं सेवाशर्तो के आधार पर दिनांक 10.03.2026 तक नियोजन प्रक्रिया में सम्मिलित होने के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

- ❖ चौकीदार/रात्रि प्रहरी पद के लिए पुरूष एवं महिला दोनों उम्मीदवार हो सकते हैं। शेष सभी पदों के लिए **केवल महिला** उम्मीदवार ही आवेदन कर सकती है।
- ❖ दैनिक मानदेय पर कार्यरत रसोईया, आदेशपाल एवं रात्रि प्रहरी आवेदन के साथ संबंधित जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) के हस्ताक्षर से निर्गत कार्यरत अवधि का अनुभव प्रमाण–पत्र (उम्र छांती हेतु) अवश्य संलग्न करें।
- ❖ प्रत्येक पद हेतु न्यूनतम योग्यता, अनुभव, ऑनलाइन आवेदन प्रारूप और अन्य पात्रता संबंधी विवरण हेतु वेबसाइट https://www.bepcniyojan.in/ देखें ।
- ❖ विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।
- ❖ ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि–10.03.2026 है।
- ❖ अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://www.bepcniyojan.in/ के माध्यम से कर सकते हैं।

राज्य परियोजना निदेशक
बिहार शिक्षा परियोजना परिषद